# कर्नाटक के उद्यमियों को यूपी से जुड़ने का आह्वान किया

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी सरकार में एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने शुक्रवार को कर्नाटक के उद्यमियों व निवेशकों को उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो -2025 में शामिल होने व राज्य में निवेश करने का आह्वान किया।



**एमएसएमई मंत्री बोले, यूपी की नीतियां निवेश के अनुकूल**

बंगलुरू के विजय नगर में हुए रोड शो में राकेश सचान ने यूपी में सिंगल विंडो सिस्टम, उद्योग के लिए भूमि बैंक, बेहतर कानून-व्यवस्था, 12 एयरपोर्ट्स और एक्सप्रेसवे नेटवर्क, प्रतिस्पर्धी श्रम लागत जैसी सुविधाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राज्य का लक्ष्य 2029 तक एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। ₹40 लाख करोड़ के प्रस्तावित निवेश में से ₹25 लाख करोड़ के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी मिल चुकी है।